
आरोप | डिजिटल आईटी एकेडमी के खिलाफ छात्रों ने एनकेजे थाने में की शिकायत, कार्रवाई की मांग

पढ़ाई की बजाय बना रहे प्रोडक्ट बेचने का दबाव



नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र की जागृति कॉलोनी स्थित डिजिटल आईटी एकेडमी पर कंप्यूटर कोर्स के नाम पर छात्र-छात्राओं से हजारों रुपए लेने और बाद में उन पर प्रोडक्ट बेचने का दबाव बनाने के आरोप लगे हैं। कथित रूप से फीस जमा करने वाले दर्जनों युवक-युवतियों ने शनिवार को एनकेजे थाना पहुंचकर संस्थान के खिलाफ लिखित शिकायत दी। विद्यार्थियों ने फीस वापस कराने के साथ संस्थान और उसके संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विद्यार्थियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एडमिशन के समय एकेडमी प्रबंधन की ओर से कंप्यूटर कोर्स की उपयोगिता, प्रमाण-पत्र और भविष्य में नौकरी से जुड़े दावे किए गए थे। इन दावों के आधार पर विद्यार्थियों ने संस्थान में प्रवेश लिया। छात्रों के अनुसार उनसे छह महीने के कंप्यूटर कोर्स के लिए 13,500 रुपए और एक साल के कोर्स के लिए 20,000 रुपए तक फीस ली गई। विद्यार्थियों का आरोप है कि एडमिशन लेने के बाद संस्थान में पढ़ाई कराने के बजाय उन पर नेटवर्किंग या प्रोडक्ट बेचने का दबाव बनाया जाने लगा। छात्रों का कहना है कि जिस उद्देश्य से उन्होंने कंप्यूटर कोर्स में प्रवेश लिया था, उसके अनुरूप पढ़ाई नहीं कराई जा रही है। शिकायत में विद्यार्थियों ने कोर्स पूरा होने के बाद मिलने वाले प्रमाण-पत्रों की सरकारी या शैक्षणिक मान्यता को लेकर भी सवाल उठाए हैं। छात्रों को आशंका है कि संस्थान की ओर से दिए जाने वाले प्रमाण-पत्र फर्जी या अमान्य हो सकते हैं। हालांकि, प्रमाण-पत्रों की वास्तविक मान्यता को लेकर स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। पीड़ितों का आरोप है कि एकेडमी आसपास के स्कूल-कॉलेजों के युवाओं को निशाना बना रही है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, युवाओं को कोर्स की उपयोगिता और भविष्य में मिलने वाले अवसरों के संबंध में जानकारी तथा लुभावने दावे देकर एडमिशन के लिए तैयार किया जाता है और उनसे फीस ली जाती है। शनिवार को बड़ी संख्या में नाराज युवक-युवतियां एनकेजे थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। विद्यार्थियों ने कहा कि उनके द्वारा जमा की गई फीस वापस कराई जाए और यदि शिकायत में लगाए गए आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो संबंधित संस्था एवं उसके संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। विद्यार्थियों ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि मामले की जांच इस दृष्टि से की जाए कि संस्थान में वास्तव में कंप्यूटर कोर्स के नाम पर किस प्रकार की शिक्षा दी जा रही है और विद्यार्थियों से फीस लेने के बाद उनसे नेटवर्किंग या प्रोडक्ट बेचने का दबाव क्यों बनाया जा रहा है। मामले में एनकेजे थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि युवाओं की ओर से एक लिखित शिकायत दी गई है। उनके अनुसार, शिकायत की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



घरों में घुसा बारिश का पानी, परेशान हुए वार्डवासी

जालपा वार्ड के शक्तिनगर क्षेत्र में भरा पानी

नवभारत, कटनी। कटनी। शहर में रविवार को हुई महज करीब 20 मिनट की बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जालपा देवी वार्ड के संस्कार भारती स्कूल के पीछे स्थित शक्तिनगर में बारिश का पानी सड़कों पर भर गया और कई लोगों के घरों के अंदर तक पहुंच गया। अचानक घरों में पानी घुसने से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रहवासियों के मुताबिक शक्तिनगर में थोड़ी सी बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है। नालियों और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा होकर घरों की ओर पहुंच जाता है। रविवार को भी करीब 20 मिनट की बारिश में क्षेत्र की स्थिति बिगड़ गई और लोगों के घरों में पानी भर गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। बारिश के दौरान शक्तिनगर में बार-बार जलभराव होता है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजा यह है कि बारिश होते ही रहवासियों को घरों में पानी घुसने की चिंता सताने लगती है।घर के अंदर पानी पहुंचने से लोगों के घरेलू सामान के खराब होने का खतरा बना रहता है। वहीं सड़क पर पानी भरने से आवागमन भी प्रभावित होता है। रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मानसून के दौरान हर बार होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए नालियों की सफाई और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था जरूरी है।

एक नजर में

प्रतिबंधित नशीली दवा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माधवनगर पुलिस ने अमकुही पहाड़ी और इंडस्ट्रियल एरिया रोड के पास से तीन हजार प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की हैं। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रविवार 20 सितंबर 2026 की तड़के करीब 02:05 बजे माधवनगर पुलिस टीम सुरम्य पार्क से आगे अमकुही पहाड़ी इंडस्ट्रियल एरिया रोड पर गश्त कर रही थी। संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने प्रतिबंधित नशीली गोलियों के 10 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, प्रत्येक पैकेट में 06 पत्ते थे। इनमें कुल 3,000 नशीली गोलियां मिलीं, जिनका कुल वजन 30,000 मिलीग्राम है। जब्त नशीली दवाओं की बाजार कीमत करीब 13,500 बताई गई है। मामले में पुलिस ने हिरवारा गांव निवासी सचिन बर्मन, खिरहनी फाटक निवासी रितिक केवट, शांति नगर निवासी रोहित नानकानी, बंगला लाइन निवासी रोहित रावलानी, को आरोपी बनाया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि नशीली गोलियों की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे शहर में किन लोगों को सप्लाई किया जाना था।

बस में महिला यात्री का सोने का पेंडल चोरी

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पन्ना मोड़ से बस स्टैंड तक बस में यात्रा कर रही एक महिला का सोने का पेंडल चोरी कर लिया गया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी निवासी लक्ष्मीरानी लखेरा बस से सफर कर रही थी, पन्ना मोड़ से बस स्टैंड के बीच उनके मंगलसूत्र का पेंडल अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, श्रीकृष्ण के जयकारों की गूंज

ढीमरखेड़ा में यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा



नवभारत,ढीमरखेड़ा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में यादव समाज ने ढीमरखेड़ा में शोभायात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन किया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह करीब 11 बजे मंगल भवन से हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद यात्रा जनपद पंचायत परिसर पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा रामपुर, झित्रा पिपरिया और ढुरहा चौराहा होते हुए श्री ग्वाल बाबा धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। श्री ग्वाल बाबा धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही यादव समाज की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जे.पी. यादव, मनोज सिंह यादव, रवि सिंह यादव, रामकिशोर यादव, चंद्रभान यादव, रतन यादव, प्रदीप यादव, मनोज यादव और राकेश यादव सहित अन्य की उपस्थिति रही।

सरकारी भूमि पर पक्की दुकानों का निर्माण, बनाया गया पंचनामा

दशरमन क्षेत्र में राजस्व विभाग ने की कार्रवाई



नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले की ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दशरमन में मुख्य बस स्टैंड के पास शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण कर पक्की दुकानों के निर्माण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। ग्रामीणों के अनुसार सामुदायिक भवन के पास स्थित शासकीय भूमि पर चार लोगों द्वारा पक्की दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। शिकायत में मोहम्मद अली खान, राजू लोधी, आशीष बर्मन और रवि शंकर राजभर के नाम सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने निर्माण को लेकर पंचायत स्तर पर भी जानकारी दी थी। कार्रवाई नहीं होने पर मामले की सूचना अनुविभागीय अधिकारी को दी गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ढीमरखेड़ा ने तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद प्रभारी आरआई नीरज झारिया और दशरमन हल्का पटवारी रजनीश गुप्ता राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने स्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। राजस्व अमले के अनुसार, संबंधित भूमि शासकीय भूमि है और उस पर निजी निर्माण अथवा कब्जा नियमों के अनुरूप नहीं किया जा सकता। प्रशासन द्वारा मौके पर पाए गए निर्माण और कब्जे को लेकर संबंधित लोगों के खिलाफ पंचनामा तैयार कर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सचिव विजय दुबे और सरपंच पति भरत शुक्ल की भूमिका की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत स्तर से निर्माण को लेकर कथित तौर पर संरक्षण दिया गया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र प्रशासनिक जांच होना बाकी है। ग्रामीणों ने भूमि के कथित आवंटन और निर्माण की अनुमति से जुड़े आरोपों की भी जांच की मांग की है। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने कार्रवाई की मांग की गई है।

सागौन के पेड़ काटे, लकड़ी गायब, ग्रामीणों ने की शिकायत, जांच की मांग

पाली के बरहा टोला में काटे गए सागौन के हर-भरे पेड़



नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम पाली के बरहा टोला में सागौन के हरे-भरे पेड़ों की कथित कटाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में बेशकीमती सागौन के पेड़ काटे गए और उनकी लकड़ी मौके से हटा दी गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पेड़ कटाई की अनुमति, काटे गए पेड़ों की संख्या और लकड़ी के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सागौन के पेड़ों की कटाई वैध तरीके से हुई है तो संबंधित अनुमति, काटे गए पेड़ों की संख्या और भूमि से जुड़े दस्तावेज सामने आने चाहिए। वहीं, यदि अनुमति नहीं ली गई थी तो पेड़ों की कटाई कैसे हुई, यह जांच का महत्वपूर्ण बिंदु है। जांच में यह भी स्पष्ट किए जाने की मांग की गई है कि मौके पर कितने पेड़ काटे गए और क्या संबंधित अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया है। मामले में काटी गई लकड़ी को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी मौके पर दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में यह पता लगाने की मांग की जा रही है कि लकड़ी किस स्थान पर ले जाई गई और उसके परिवहन के लिए आवश्यक दस्तावेज जारी किए गए थे या नहीं। यदि लकड़ी किसी आरा मशीन तक पहुंची है तो वहां के रिकॉर्ड की जांच से भी स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

स्पॉ सेंटर में आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवती

पुलिस ने मारा छापा, युवक और युवतियां गिरफ्तार



नवभारत, कटनी। शहर में संचालित स्पा सेंटरों की गतिविधियों को लेकर उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने रविवार को बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्पा सेंटरों पर पहुंचकर अचानक छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने सेंटरों में मौजूद संचालकों, कर्मचारियों और अन्य लोगों से पूछताछ की पांच संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने सेंटरों में संचालित गतिविधियों की जानकारी लेने के साथ आवश्यक दस्तावेजों और व्यवस्थाओं की भी जांच की। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से स्पा सेंटर संचालकों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

पुलिस की टीम ने कई स्थानों पर पहुंचकर जांच की और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर जानकारी जुटाई।

समाजसेवी मदन लाल ग्रोवर पंचतत्व में विलीन

गमगीन माहौल में पुत्र रंजन बाबू ग्रोवर ने दी मुखाग्नि



नवभारत, कटनी। सिविल लाइन क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक, उद्योगपति एवं शिवभक्त मदन लाल ग्रोवर रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। नागपुर के मैक्स हॉस्पिटल में उपचार के दौरान शनिवार, 19 सितंबर को उनका निधन हो गया था। निधन की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पार्थिव देह शनिवार को ही कटनी लाई गई। रविवार को नदीपार स्थित मुक्तिधाम में अत्यंत गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके सुपुत्र रंजन बाबू ग्रोवर ने मुखाग्नि दी। इस दौरान परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

अंतिम संस्कार में उनके पोते रुद्राक्ष ग्रोवर सहित पूर्व मंत्री व विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी यश पाठक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और शहरवासी मौजूद रहे।

भगवान श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में करें आत्मसात

गोलबाजार रामलीला का भूमिपूजन, चार से होगा मंचन



नवभारत, कटनी। शहर की ऐतिहासिक गोलबाजार रामलीला की तैयारियों का विधिवत आगाज हो गया है। वर्ष 1884 में स्थापित गोलबाजार रामलीला में आज कमेटी के उपाध्यक्ष रवि खरे की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के साथ ही आगामी रामलीला आयोजन की तैयारियों का शुभारंभ हो गया है। इस वर्ष 4 अक्टूबर से मुकुट पूजन के साथ रामलीला का भव्य मंचन प्रारंभ होगा। गोलबाजार की यह ऐतिहासिक रामलीला सवा सौ वर्षों से अधिक समय से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। बदलते दौर में भी इस धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने के लिए गोलबाजार रामलीला कमेटी लगातार सक्रिय है। भूमि पूजन के अवसर पर भरत अग्रवाल, रवि खरे, राकेश अग्रवाल, राजेन्द्र सोंधिया, शरद अग्रवाल, रामजी यादव, नीरज अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, अभिषेक अग्रवाल, रणवीर कर्ण, अंतिम गुप्ता, मनोज बाझल, गिरधारी शर्मा, नरेश सोनी, अनुभव शुक्ला, अंकुश रजक, तपन निषाद, वैभव अग्रवाल, सुग्रीव जायसवाल, मिथलेश महोबिया, श्रीदीन राठौर, संतराम टिकियामल, लखन अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा और सुरजीत पटैल सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कमेटी के सचिव भरत अग्रवाल ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की कि 4 अक्टूबर से शुरू होने वाले रामलीला के भव्य मंचन में प्रतिदिन शामिल हों और भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

निरीक्षण | भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने किया नदी घाटों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

संवेदनशील क्षेत्रों की करें विशेष निगरानी, आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता



नवभारत, कटनी। आगामी सामाजिक और धार्मिक त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा नेजिले के प्रमुख नदी और तालाब घाटों का निरीक्षण किया। गणेश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने गणेश विसर्जन के दृष्टिगत प्रमुख विसर्जन स्थलों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान गाटर घाट, माई नदी, मोहन घाट, मसुरहा घाट, चाका तालाब, पुरैनी कुण्ड, पीर बाबा, रपटा घाट और छपरवाह घाट सहित अन्य विसर्जन स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर सतत नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। पुलिस के अनुसार, आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कहा गया है। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा, डीएसपी अजाक शिवा पाठक, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी यातायात सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने आमजन से आगामी सामाजिक, धार्मिक त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में मनाने की अपील की है। साथ ही नदी और तालाब घाटों पर पुलिस द्वारा निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरतने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने को कहा है।

ताश पत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे 6 गिरफ्तार

पुलिस ने की कार्रवाई, पौड़ी के जंगल में चल रहा था जुआ



नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना पुलिस ने ग्राम वाह-पौड़ी के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, नकदी, एक मोटरसाइकिल और दो स्कूटी समेत करीब दो लाख रुपए का सामान जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया 19 सितंबर की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम वाह-पौड़ी के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम गठित कर जंगल में घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने मौके पर अचानक दबिश दी और जुआ खेल रहे छह लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान जुआ फड़ से नकदी और अन्य सामान बरामद किया गया। मौके से एक मोटरसाइकिल और दो स्कूटी भी जब्त की गईं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में रामबिलास निषाद, विशाल निषाद, रुस्तम, विकास बंशल, प्रिंस उर्फ पलक और दीपक सोनी शामिल हैं। इनमें पांच आरोपी कटनी के अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं, जबकि दीपक सोनी विजयराघवगढ़ का निवासी है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि जंगल में जुआ फड़ कब से संचालित हो रहा था और इसमें अन्य लोग भी शामिल थे या नहीं।